2 फरीदाबाद
6 अभिमत
9 देश/विदेश
11 पर्यटन

# पायनियर

www.pioneerhindi.com Pioneer Haryana



## क्विक न्यूज

# रोजगार के लिए एमओयू साइन

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ और श्रीजा पार्लर वेलफेयर सोसाइटी के बीच एमओयू पर साइन किया गया। इस एमओयू पर प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता, डॉ. मनोज शुक्ला (एसोसिएट प्रोफेसर), डॉ. डिंपल (असिस्टेंट प्रोफेसर) अग्रवाल महाविद्यालय की तरफ से और श्रीजा वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से डॉ. निधि अग्रवाल, मेघा ग्रोवर और सरिता गोयल ने साइन किया। एमओयू का मुख्य उद्देश्य लड़कियों को व्यक्तिगत विकास, आत्मनिर्भर बनने और स्वाबलंबी बनना है। इस एमओयू के तहत सेमिनार और एग्जाम का आयोजन भी किया गया। सेमिनार महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन और निर्देशन में आयोजित किया गया।